INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

अपठित गद्यांश

Name: ____________________ Date:_____________ Class: IV Sec: ___

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए -

कश्मीर भारत का सबसे सुंदर प्रदेश है । सारे संसार के लोग इसे 'धरती का स्वर्ग 'कहते हैं । यह पर्वतीय प्रदेश है , इसलिए गर्मी की ऋतु में भी यहाँ का मौसम बड़ा सुहावना रहता है । देश-विदेश से पर्यटक यहाँ आकर प्रकृति की शोभा का आनंद लेते हैं । इसकी राजधानी श्रीनगर है । झेलम नदी के दोनों किनारों और हिमालय की घाटी में यह सुंदर शहर बसा हुआ है । श्रीनगर की सबसे सुंदर झील 'डल' है । इस झील में खिले हुए कमल के फूल बड़े सुहावने लगते हैं । डल झील के किनारे सुंदर निशात बाग है । इससे कुछ ही दूरी पर शालीमार बाग है । बादशाह जहाँगीर ने दोनों उद्यानों को लगवाया था । इन उद्यानों का , झर -झर कर बहते हुए झरनों तथा फ़व्वारों का सुंदर दृश्य बड़ा मनोरम लगता है । चिनार-वृक्षों के समूह , मखमली घास तथा रंग-बिरंगे फूल यहाँ की शोभा में चार चाँद लगा देते हैं ।

१ सारे संसार के लोग कश्मीर को क्या कहते हैं ?

उ ____

२ कश्मीर की राजधानी का नाम क्या है ?

उ ____

३ श्रीनगर की सबसे सुंदर झील का नाम क्या है ?

उ ____

खाली स्थान भरिए -

४ बादशाह ____________________ ने दोनों उद्यानों को लगवाया था ।

५ चिनार-वृक्षों के समूह , __________________घास तथा रंग-बिरंगे फूल यहाँ की शोभा में चार चाँद लगा देते हैं ।